दरवाजे के आगे थंभों की हार फिर कमर भर नीचे बगीचा आगे फिर कमरभर ऊँचे चबूतरे के किनार पर थंभो की मेहराबों में झूले आये हैं चबूतरे के मध्य में फिर कमरभर नीचे बगीचों की शोभा आई है ऐसे सारी शोभा 12000 भोम तक ऊँची बराबर गई है।

Nijanand App

गोल हवेलियों की शोभा भी चौरस हवेलियों जैसी ही आई है फर्क सिर्फ इतना है

कि यहां सब गोल शोभा है गोल हवेली,गोल मन्दिर, गोल कोठरी, गोल चबूतरे।

Nijanand App

12000 हवलियों को पार करके कमरभर नीचे उतर कर रौंस को पार करके बगीचों की शोभा

आई है फिर रौंस से कमरभर ऊँचे आने पर एक

12000हांस का भोमभर का चबूतरा ऊँचा आया है।

Nijanand App

चबूतरे के किनार पर कठेड़े के आगे रौंस है रौंस से आगे 12000 माणिक मोहोलों की एक हार

आई है। हरेक होस में गुर्ज और गुर्जों के अन्दर त्रिपोलियों की शोभा आई है।

Nijanand App

मोहोलों को पार करके आगे भोमभर की सीढ़ियां नीचे उतर कर एक विशाल बगीचे की शोभा है जिसे पार करके फिर भोम भर का एक गोल मध्य में चबूतरा आया है।

किनार पर थंभों की हारों में हिण्डोले 11980 भोम के ऊँचे गये हैं। फिर आगे कमरभर नीचे बगीचों से होते हुए, कमरभर ऊँची रौंस पर पानी का एक विशाल जलस्तम्भ 12000 भोम का ऊँचा आया है।

Nijanand App

जलस्तम्भ से चारों ओर से फव्वारे निकलते हैं। माणिक मोहोलों से 11980 भोम के बाद



स्तम्भ की तरफ छज्जे निकलने शुरू होते हैं। 20 भोम के बाद चांदनी की शोभा आई है।

Nijanand App

माणिक पहाड़ की चांदनी के मध्य में एक मोममर का ऊँचा गोल चबूतरा आया है जिस पर टापू मोहोल की शोभा है।

बाकि चबूतरे के नीचे बागबगीचों की शोभा आई है। 12000 हवेलियों के ऊपर 12000 बगीचे और दो थभों की हारों के ऊपर नहर आई है।

Nijanand App

टापू मोहोल की 20 भोम की ऊँचाई आई है।

21वीं चांदनी के मध्य में स्तून जो नीचे से आ रहा था वोह खुला है उसको बगीचों ने घेर रखा है बाहरी तरफ सिंहासन और कुर्सियों की शोभा आई है।

Nijanand App

चांदनी के मध्य मे मोममर के ऊँचे चबूतरे के किनारे पर कठेड़े के आगे रौस पर 4 थंमो की हार आई है मध्य वाले थंमो की ऊँचाई 2मोम की और आजू बाजू वाने थंमो की एक ही मोम की ऊँचाई आई है।

आगे ताल के मध्य में चबूतरे पर रौस फिरी है उसके आगे 12000 हांस में 12000 टापूमोहोल आये है। चारों दिशा में चार दरवाजे सुशोभित है।

Nijanand App

टापू मोहोल के चबूतरे के नीचे 12000 जालीद्वार

आये हैं जिनसे नीचे तालाबों में पानी गिरता है।

Nijanand App

पानी नहरों में होता हुआ चांदनी के किनार तक जाता है।

जहां नहरें आपस में कटती हैं वहां चेहबच्चे के चार कोनों से चार थंभ उठते हैं जिस पर छत आई है। इनकी मेहराबों में झूले लगे हैं।

Nijanand App

नहरों का पानी चांदनी के किनार पर जो गुर्जों की चांदनी आई है उसमें से होकर एक भोम नीचे जो मोहोलों के ऊपर महाबिलंद हिण्डोलों की छत

पर नहर आई है उसमें झरने के रूप में जाता है।इस प्रकार पानी आगे एक एक भोम नीचे झरने के रूप में जाता हुआ महानद में मिल जाता है।

Nijanand App

झरने के रूप में जाता पानी



Nijanand App

चांदनी से एक भोम नीचे जाता पानी



Nijanand App

इस प्रकार से सारे माणिक पहाड़ की शोभा आई है।

Nijanand App

पाट घाट

Nijanand App

पाट का घाट श्री जमुना जी में

150 मन्दिर का लम्बा चौड़ा चबूतरा ठीक अमृतवन के सामने और रंगमहल की पूर्व में आया है।

Nijanand App

श्री जमुना जी में 16 थंभों के ऊपर पाट घाट शोभायमान है। घाट के ऊपर 12 थंभ आये हैं।



चारों कोनों में नीलवी के थंभ,दक्षिण की तरफ बीच में हीरे के और पूर्व की ओर बीच में माणिक रंग के थंभ शोभा ले रहे हैं।

Nijanand App

पाटघाट के पश्चिम की ओर अमृतवन के सामने हरे रंग के थंभ शोभा ले रहे हैं।

छत पर चार थंभों के ऊपर गुम्मटी और कलश शोभायमान है।

Nijanand App

उत्तर में पीले रंग के थंभ शोभा ले रहे हैं। किनारों पर कठेड़ा आया है।



यहीं पर रुहें और श्री युगलस्वरुप स्नान करके तरह तरह के आन्नद विलास के सुख लेते हैं।

Nijanand App

फरामोशी से जागने के बाद हम सबने यहीं इसी पाटघाट में स्नान कर अपने पिया जी के

साथ देहुरीयों में सिनगार करके आनन्द विहार कर अपने धनी को रिझाकर इश्क पाना है।

Nijanand App

पाटघाट से सीधा पश्चिम को मुख करके जल रौंस,फिर पाल,

फिर वन रौस और फिर पुखराजी रौंस को पार करते हुए

Nijanand App

फिर वन रौस और फिर पुखराजी रौंस को पार करते हुए

अमृतवन के बीचोंबीच से गुजरते हुए हम चांदनी चौंक में पहुँच जायेंगे।

Nijanand App

पश्चिम की चौगान

Nijanand App

दूबदुलीचा के पश्चिम में पश्चिम की चौगान 4500 मन्दिर की

चौड़ी पूर्व से पश्चिम और 9000 मन्दिर की लम्बी उत्तर से दक्षिण आई है।

Nijanand App

चौगान की अति सुन्दर रेती ऐसे चमक रही है मानो हीरे, माणिक बिखरे पड़े हों।

चौगान में बड़े ही सुन्दर चौक बने हुए हैं।

Nijanand App

श्री राजस्यामा जी सब सखियों और पशु पक्षियों के संग अपना

पूरा लश्कर लेकर कृष्णपक्ष की पांचवी को यहाँ आते हैं।

Nijanand App

चौगान के चौकों में कई तरह के खेल तमाशे होते हैं

जैसे दौड़ना, कूदना, उड़ना, लड़ना, भमरियां खाना, गुलाटियां मारना।

Nijanand App

पुखराज पहाड़

Nijanand App

रंगमहल की उत्तर दिशा में बड़ोवन के

आगे विशाल पुखराज पहाड़ की शोभा आई है।

Nijanand App

पुखराज पहाड़ सारा पीले रंग का आया है।

Nijanand App

परमधाम की जमीन से भोमभर का एक गोल चबूतरा 1000 हांस का उठा है जिसमें हांस हांस

पर भोमभर की सीढ़ियाँ उतरती हैं। चबूतरे के किनार पर कठेड़े की शोभा है

Nijanand App

दो सीढ़ियों के बीच में एक दरवाजा नीचे पुखराज की तरहटी में जाने के वास्ते आया है





दरवाजे के अन्दर नीचे मोममर की सीढ़ियाँ 400 कोस की रौंस पर उतरती हैं

Nijanand App

रौस के आगे कमरभर नीचे उतर कर 400 कोस की बगीचों की रौंस आई है आगे गोलाई में 1000 की चौड़ाई में 52 हारें बगीचों की आई है।



हरेक बगीचे के मध्य में एक फीलपाये यानि कि थंभ आया है। बगीचे पार करके बगीचों की रौंस को पार करके फिर कमरभर ऊँची पाल की रौंस 400 कोस की चौड़ी आई है।

Nijanand App



Nijanand App

दो मोहोलों के बीच दो थंभों कर हारें और तीन गलियों के त्रिपोलियों की शोभा आई है

Nijanand App

Nijanand App

मोहलातों की रौंस को पार करके कमरभर नीचे 400 कोस की ताल की पाल आई है,



आगे कमरभर और नीचे 250 कोस में ताल का चबूतरा आया है।

Nijanand App

बीच में 44000 कोस में खजाने के ताल की शोभा आई है।
तरहटी के सब मोहोलों की और फीलपायों की ऊँचाई दो भोम की आई है।



ताल में 5 मोहोल आये हैं जिन्हें पेड़ करके कहा गया है।चार दिशा में एक मध्य में। तरहटी के सब मोहोलों की और फीलपायों की ऊँचाई दो भोम की आई है।

Nijanand App

एक पेड़ की शोभाः—ताल में से थंम उठते हैं जिसपर 900 कोस का चबूतरा बना। चबूतरे पर 250 कोस की रौंस के आगे 400 कोस में एक हवेली की शोभा आई है। हवेली की चार दिशा में चार



दरवाजे, दरवाजों के साथ एक मन्दिरों की हार है,उससे आगे थंभों की हार पार करके बगीचे को पार करके कमरमर के ऊँचे चबूतरे के किनार पर थंभ और बीच में गिलम,सिंहासन कुर्सियों कर सारी शोभा है

Nijanand App

आइए अब पुखराज के चबूतरे पर चलते हैं यह 1000 हांस का गोल और 133333 कोस का लम्बा चौड़ा आया है। मध्य के



तीसरे भाग में भोम्मर का ऊँचा चबूतरा आया है,जिसके किनार पर मोहोलों की एक हार आई है,

Nijanand App

जो नीचे 5 पेड़ तरहटी में आये थे वोह यहीं बाहर इस चबूतरे पर आये हैं।



एक पेड़ के दायें बायें 6–6 मोहोल दो भोम के ऊँचे आये हैं। कोने का मोहोल दोनों तरफ से एक ही गिना जाएगा।

Nijanand App

5 पेड़ों की 5 भोम के ऊपर छठी भोम से छज्जे निकलने शुरू होते हैं।



छज्जे के किनार पर थंभ और कठेड़ा और आगे मोहोल बनते जाते हैं।

Nijanand App

250 भोम तक छज्जे निकलते गये हैं उससे आगे सब एक सार हो गया है।



251 वां छज्जा और महावन की छत्री सब एक हो गई है
इससे आगे 750 भोम तक छज्जे गृदवाय बढ़ते गये हैं।

Nijanand App

1000 भोम ऊँचा उठने के बाद पुखराज की चांदनी के किनार पर हजार हांस की मोहलातों की शोभा आई है। चांदनी के बाहरी तरफ 400 कोस का छज्जा निकला है जिसके किनार पर कठेड़ा आया है।

छज्जे के अन्दर 400 कोस का चौड़ा और 1000 हांस की गोलाई में कमरभर ऊँचा चबूतरा आया है।

Nijanand App

एक हांस का ब्यान:– एक हांस में 4 की 4 हारें हवेलियों की

आने से एक हांस में में 16 हवेली आई हैं।

Nijanand App

एक हवेली में चारों दिशा में 200 मोहोलों की हार आई है। भीतरी तरफ थंमों की हार के आगे

बगीचों को पार करके कमरभर ऊँचा चबूतरा आया है। जिसके किनार पर थंमों में झूले आये हैं। अन्दर सुन्दर गिलम, सिंहासन,कुर्सियों की सारी शोभा आई है।

Nijanand App

पुखराज पहाड़ के पश्चिम और उत्तर में दो अति सुन्दर घाटियों की शोभा क बराबर ही आई है। एक घाटी के ब्यान में

घाटी का चबूतरा 400 कोस का चौड़ा और 4 लाख कोस का लम्बा आया है। सीढ़ियों का उतार चढ़ाव 6 लाख कोस का है।

Nijanand App

भोमभर की सीढ़ी चढ़कर चौक में आ गये जिसके आगे एक हांस की लम्बाई है और 400 कोस की चौड़ाई है। 40–40

कोस की दो रौंसे छोड़कर बीच में 320 की जगह बची, इस जगह चौड़ाई तरफ 29 और लम्बाई तरफ 36 मन्दिर आये हैं। यह एक हांस का बेवरा है।

Nijanand App

पश्चिम से पूर्व जब जाते है तो पहली हांस में मन्दिरों की एक ही भोम है दूसरे हांस पर दो भोम, तीसरें हांस पर 3 भोम,

हांस पर दो भोम, तीसरें हांस पर 3 भोम, इसी प्रकार 890 हांसों तक ऐसे ही शोभा बढ़ती गई है।

Nijanand App

5 भोम के बाद छज्जे निकलते हैं और

250 के बाद पुखराज के साथ सारे छज्जे एक सार हो जाते हैं।

Nijanand App



Nijanand App

पश्चिम और उत्तर की घाटी 1000 हांस की मोहलातों के पश्चिम और उत्तर के दरवाजों के साथ मिल जाती हैं।

Nijanand App

Nijanand App

1000 हांस की हवेलियों की ऊँचाई 5 भोम की है पर दरवाजों की 10 भोम और 11वीं चांदनी आई है। 11वीं चांदनी तक चबूतरों के ऊपर चबूतरे आते गए और

दरवाजों के ऊपर मोहोल आये हैं। 11वीं चांदनी के चारों कोनों पर 4 थंभ उठकर देहुरी की शोभा आई है जिस पर गुम्मट,ध्वजा,पताका लगे हैं।

Nijanand App

दरवाजों के साथ जो 5 भोम की ऊँची हवेलियां आई हैं उन सबकी एक छठी चांदनी हो गई जिस पर दोनों किनार पर एक एक भोम की दीवार उठकर ऊपर छत आ गई है।

बीच में जगह खाली है। जो गोल गुर्ज आये हैं वोह भी ऊपर दीवार की चांदनी तक गये हैं, दीवार पर सारी देहुरियों पर गुम्मट और ध्वजा पताका की सारी शोभा आई है।

Nijanand App

1000 हांस के दरवाजें के अन्दर जाने पर आगे बगीचों की शोभा आई है

नहरें चेहेबच्चे फुहारें सब अपनी आभा बिखेर रहे हैं।

Nijanand App



Nijanand App

1000 हांस की चांदनी के मध्य में 44000कोस का लम्बा चौड़ा कमर

भर का चबूतरा आया है। जिस पर आकाशी मोहलातों की शोभा आई है।

Nijanand App

चबूतरे पर 1000 कोस की रौंस के आगे 13 की 13 हारें हवेलियों की आई है।



एक दिशा में 13 हवेलियों के आगे 13 जगह से सीढ़ियां चबूतरे से नीचे उतरती हैं।
कोने की हवेली के साथ 5 पहल का गुर्ज आया है।

Nijanand App

13 हार हवेली में एक हवेली से दूसरी हवेली में जाने के





लिए दो थंभों की हार और तीन गलियों की शोभा आई है।

Nijanand App

एक हवेली के चार दिशा में 4 दरवाजे,दायें बायें 4–4 मोहोल और दरवाजे के दायें बायें दो चबूतरों की शोभा है। अन्दर एक थंभों की हार को पार करके कमरभर नीचे बगीचे

और फिर आगे कमरभर ऊपर चढ़कर मध्य में एक चौरस चबूतरे के किनार पर थंभों के बीच झूले और चबूतरे पर गिलम सिंहासन सब आये हैं।

Nijanand App

आकाशी मोहलातों की 1000 भोम की ऊँचाई आई है।

दरवाजे के चबूतरों के आगे से ऊपर जाने के लिए सीढियों की शोभा आई है जिससे ऊपर हर भोम में जा सकते हैं।

Nijanand App

Nijanand App

मध्य के चबूतरे के नीचे से जो 5 पेड़ों में से बीच वाला पेड़ स्तून के रूप में यहीं पर आकर खुला है।

चबूतरे के नीचे सारी बाग बगीचों की शोभा आई है।

Nijanand App

आकाशी मोहलातों की चांदनी पर मध्य में एक कमरमर का चबूतरा जिसपर गिलम सिंहासन सब आये हैं।



Nijanand App

चांदनी के किनार पर एक भोम भर की दीवार परिकरमा के लिए उठी है।
जिसपर 104 चौखुटे गुर्जों की शोभा है।



Nijanand App

पुखराज पहाड़ के पूर्व में बंगला की शोभा आई है

बंगले का भोमभर का एक चबूतरा 4 लाख कोस की गृद में 1000 हांस का चौरस उठा है।

Nijanand App

हांस हांस में गुर्जों के बीच में नीचे बंगला की

तरहटी में जाने के लिए दरवाजों की शोभा आई है।

Nijanand App

तरहटी में 400 कोस की रौंस पर सीढ़ियां उतरती हैं,

आगे कमरभर नीचे वन की रौंस के आगे गोलाई में 1000 और चौड़ाई में 38 बगीचों की हार आई है।बगीचों के मध्य में फीलपायों की शोभा आई है।

Nijanand App

बगीचों की रौंस के आगे कमरभर ऊँची मोहलातों की रौंस 400 कोस में आई है।
1000 की गोलाई में चौड़ाई तरफ 39 मोहलातों की हारें आई है।



इससे आगे मोहलातों की रौंस से कमर भर नीचे 400कोस की पाल के आगे कमरभर और नीचे 100कोस
की ताल की रौंस आई है,आगे 33400 कोस में ताल की शोभा आई है,सारी शोभा 2 मोम की आई है।

Nijanand App

बंगला का चबूतरा 1 लाख कोस का लम्बा चौड़ा आया है। किनार पर कठेड़ा और आगे 400 कोस की रौंस चारों ओर फिरी है।

रौंस के आगे 5 वृक्ष बड़ोवन के फिर 4 वृक्ष फीलपायों के, फिर 5 वृक्ष बड़ोवन के यह सब 14 हुए जिनकी 13 सन्धें आती हैं।

Nijanand App

इन सबकी ऊँचाई एक ही भोम की है



पर एक भोम 5 भोम के बराबर आई है।

Nijanand App

इससे आगे कमरभर नीचे बंगलों की जमीन 33400 कोस में आई है। पहले 125 कोस की रौंस पर सीढ़ियां उतरी है, आगे 320 कोस में बंगला आया है

फिर 25 कोस में नहर फिर 320 कोस में चेहेबच्चे की शोभा आई है। कुल 48 बंगले और 48 ही चेहेबच्चे आये हैं।

Nijanand App

एक बंगला 1600 मन्दिर का आया है। जिसमें 800 मन्दिर का लम्बा चौड़ा चबूतरा भोम भर का उठा है। चबूतरे के निार पर थंभों की हार आई है एक दिशा में 160 थंभ हैं।



थंभों के आगे 100 मन्दिर की जगह के आगे एक हार मन्दिरों की आई है जिन्हें दरबार करके कहा है। मध्य में दरवाजे के दायें बायें 300–300 मन्दिर आये हैं।

Nijanand App

भीतर थंभों की हार पार करके कमरभर ऊँचे चबूतरे के किनार पर थंभ,





बीच में गिलम, सिंहासन सारी शोभा आई है।

Nijanand App

बंगलों की 5 भोमें आई है पर बंगलों की एक भोम में ही 5 भोमों की शोभा आई है



Nijanand App

बंगले के चारों ओर बाग बगीचों की शोभा आई है। इन सबकी और बंगलों की सब छत एक ही आई है।

बंगले की चांदनी के मध्य में 600 मन्दिर का चौरस चबूतरा कमरभर ऊँचा आया है चारों कोनों पर 4 थंभ ऊपर गुम्मट, कलश ध्वजा पताका सारी शोभा आई है

Nijanand App

एक बंगले के चारों कोनों पर 4 छोटे चेहेबच्चे आये हैं जिनके फुहारे चारों ओर से उठ कर

बंगला की चांदनी के चबूतरे के गुम्मट के कलश की नोक में कमान रूप से निकलते हैं

Nijanand App

एक चेहेबच्चा 1600 मन्दिर का लम्बा चौड़ा आया है। जिसके मध्य में 800 मन्दिर का एक भोम भर का चबूतरा उठा है



जिसके मध्य मे 600 मन्दिर की जगह पर ताल आया है। ताल के चारों ओर 100 मन्दिर की रौंस आई है। ताल के नीचे चारों ओर बगीचों की शोभा आई है।

Nijanand App

बंगले के चबूतरे के पूर्व में मध्य में देहेलान की शोभा आई है जिस कारण यहाँ वृक्ष और फीलपाये कम आये हैं।

यह देहेलान अधबीच के कुण्ड की पश्चिम में पाल के साथ तक गई है। देहेलान में चौड़ाई तरफ 8 थंम आये हैं,जिनमें 7 मेहराबें हैं एक मेहराब 1250 कोस की आई है।

Nijanand App

5भोम पर वृक्षो फीलपायो, बंगलो, चेहेबच्चों की सब एक छत आ जाती है। यहाँ चांदनी के मध्य भाग में 12000 कोस का लम्बी और 400 कोस की चौड़ी एक देहेलान की शोभा आई है जिसके बाहरी तरफ थंभ और भीतरी

तरफ दीवार आई है।इस दीवार के भीतर पानी का कुण्ड आया है। देहेलान की एक भोम की चांदनी से छज्जे निकलने शुरू होते हैं जो 250 भोम तक जाते है आगे थंभ पीछे मोहोलों की शोभा आती जाती है।

Nijanand App

देहेलान की शोभा भी ऊपरा ऊपर ऐसे ही पुखराजी ताल के पूर्व में आती जाती है।

Nijanand App

251 भोम पर देहेलान का और पश्चिम में पुखराज का छज्जा मिल सब एक हो जाते है। इस तरह से पुखराज का छज्जा पूर्व में देहेलान के साथ, उत्तर पूर्व में घाटी के साथ और पश्चिम में महावन के वृक्षों के साथ मिलता है।

देहेलान की 250 भोम के बाद 730 भोम तक सीधी दीवार उठी है जिसके किनारे पर छज्जे निकलते हैं 980 भोम के ऊपर ताल को छोड़ कर बाकी में सारी चांदनी की शोभा आई है।

Nijanand App

980 मोम के ऊपर पुखराजी ताल की चांदनी आई है 4 लाख कोस की गृद में किनार पर 400 कोस के छज्जे से कमस्मर सीढ़ी चढ़ कर पाल पर आते है। इससे आगे 400 कोस की रौस को पार कर 5 वृक्ष बड़ोवन के आते है,



आगे जवेरों के मोहोल जो नीचे फीलपाये आये है उन्हीं के ऊपर इनकी शोभा आई है। दो मोहोलों के बीच दो थंभों की हार और तीन गलियों की शोभा है।

Nijanand App

हरेक मोहोल के अन्दर थंभों की हार, कमरभर ऊपर चबूतरे के किनार पर थंभ, गिलम, सिंहासन सारी शोभा आई है।

मोहालों के आगे फिर 5 वृक्ष बड़ोवन के आये हैं। इन सबकी 20 भोम और 21वीं चांदनी आई है।

Nijanand App

पुखराजी ताल की चांदनी के मध्य में 33200 कोस का ताल आया है।



जिसमें 20 भोम ऊपर से पानी 4 धाराओं में गिरता है।

Nijanand App

ताल के पश्चिम में 32500 कोस की लम्बी और 8750 कोस की चौड़ी देहेलान आई है।



जिसमें चौड़ाई तरफ 8 थंभों में 7 मेहराबों की शोभा है और लम्बाई तरफ 14 थंभों में 13 मेहराबें आई हैं। 1250 कोस में एक मेहराब की शोभा है।

Nijanand App

इस देहेलान के आगे पीछे 400 कोस की रौंस आई है। देहेलान, वृक्ष और जवेरों के मोहोलों की सब एक ही छत आई है।



पुखराज के पूर्व के छज्जे से होकर पानी इन देहलानों में पूर्व की तरफ जाते हुए 20 भोम ऊपर से 4 चादरों के रूप में पानी पुखराजी ताल में गिरता है।

Nijanand App

पुखराजी ताल के पूर्व में भी ऐसे ही देहेलान आई है।



जिसमें से पानी पूर्व की ओर निकल कर 16 झरनों की भान्ति अधबीच के कुण्ड में गिरता है।

Nijanand App

पुखराज के छज्जे के पूर्व से पानी निकल कर पुखराजी ताल

में गिरता है फिर पूर्व की देहेलान से होते हुए अधबीच के कुण्ड में गिरता है।

Nijanand App

बंगला के पूर्व में भोम भर के ऊँचे चबूतरे पर अधबीच का



कुण्ड 33300 कोस का लम्बा चौड़ा आया है।

Nijanand App

हांस हांस के मध्य में दो गुर्जों के बीच तरहटी में जाने के लिए दरवाजों की शोभा आई है।

Nijanand App

सीढ़ियां 400 कोस कर रौंस पर उतरती हैं उससे आगे 400 कोस की मोहलातों की रौंस के आगे चौड़ाई तरफ 10 मोहोल आये हैं जिससे आगे मोहोल की रौंस से कमरभर नीचे उतर



कर बगीचों की 400 कोस की रौंस के आगे चौड़ाई तरफ 11 बगीचों की शोभा आई है,आगे पाल से नीचे कमरभर 250 कोस में ताल की रौंस आई है बीच में 11200 कोस में ताल आया है।

Nijanand App

चबूतरे के किनार पर 75 कोस की पाल आई है आगे 5वृक्ष बड़ोवन के फिर 4 फीलपाये और फिर आग



5 वृक्ष बड़ोवन के आये हैं। पूर्व में देहेलान आई है जो बंगला से ही होती हुई आ रही है

Nijanand App

चबूतरे के मध्य में 75 कोस की पाल के कमरभर नीचे 100 कोस की बगीचों कर रौंस आती है।

इससे आगे 28 नहरों की 28 हारें आई है। नहरों के कोनों पर चेहेबच्चे आये जिसमें फीलपाये की शोभा आई है।

Nijanand App

चार नहरों के बीच में एक बगीचा 400 कोस का लम्बा चौड़ा आया है।

जिससे 27 बगीचों की 27 हारें आई हैं।

Nijanand App

बगीचे के मध्य में कमरभर ऊँचा चबूतरा आया है। जिसके मध्य में एक बहुत बड़ा स्तून आया है।

बड़ोवन के वृक्ष, फीलपायों और इन बगीचों की शोभा 5 भोम तक गई है।

Nijanand App

चांदनी पर मध्य में 10800 कोस मे पानी का ताल आया है जो नीचे बगीचों के मध्य मे बड़ा पानी का स्तून आया था वोह यहीं पर खुला है।ताल के आगे 5 वृक्ष मधुवन के फिर फीलपायों की मोहलातें फिर आगे 5 वृक्ष मधुवन के आये है।

मोहलातें चौरस हवेली की तरह है। पश्चिम में देहेलान आई है। इन सबकी एक ही भोम आई है। 7वी चांदनी पर नीचे वाली ही बनक आई है जो 495 भोम तक ऊँची गई है।

Nijanand App

इस ताल में 28 थंभों की 28 हारें आई हैं जो पानी में डूबी हुई हैं।



जो नीचे चेहेबच्चों में फीलपाये आये थें यह वहीं हैं।

Nijanand App

500 भोम तक जाकर छत आई है जिसके किनार पर कठेड़े के आगे 75 कोस की रौंस के आगे 5 वृक्ष बड़ोवन के फिर खास



मोहोल फिर 5 वृक्ष बड़ोवन के आये हैं, आगे 74 कोस की रौंस से कमरमर नीचे ताल की रौंस 100 कोस के आगे ताल की शोभा है।

Nijanand App

एक खास मोहोल में 5 मोहोलों की शोभा है चार दिशा के और एक मध्य में।

इन सबकी और वृक्षों की 5 भोम की शोभा है।

Nijanand App

छठी चांदनी के पूर्व में बैठ कर पश्चिम में देखें तो सामने 480 मोम



ऊपर से पानी देहेलानों से 16 झरनों के रूप में गिरता बहुत मनमोहक लगता है।

Nijanand App



देहेलानों से 16 झरनों के रूप में गिरता पानी



Nijanand App

अधबीच के कुण्ड पूर्व में ढपोचबूतरे की शोभा आई है। जिसकी भोम भर की दीवार 11100 कोस की लम्बी चौड़ी उठी है और जिसमें 400 कोस में गोल गुर्ज आये हैं

जिसके दोनों तरफ से भोमभर की सीढ़ियां चढ़ती हैं। गुर्जो के मध्य में तरहटी में जाने के लिए दरवाजा आया है। इसकी एक ही भोम है।

Nijanand App

तरहटी में 400 कोस की रौंस में सीढ़ियां उतरी हैं,आगे 100 कोस में मोहलातों की रौंस है फिर 400 कोस के लम्बे चौड़े 3 मोहोल चौड़ाई में आये है। इससे आगे कमरभर नीचे बगीचों

की रौंस के आगे ऐसे ही 3 बगीचों की शोभा है।बगीचों के मध्य में फीलपाये आये है, आगे 100 कोस की वन की रौंस से आगे 400 कोस की पाल आई है। इससे कमर भर नीचे 100 कोस की ताल की रौंस आई है।

Nijanand App

ढपोचबूतरे के पूर्व में मध्य में 3700 कोस का लम्बा चौड़ा भोम भर का चबूतरा मूलकुण्ड का आया है।

जिसके मध्य के तीसरे हिस्से में 1200 कोस के लम्बे चौड़े ताल की शोभा है।

Nijanand App

तरहटी में हांस हांस के मध्य में जाने के लिए सीढ़ियों की शोभा आई है जो नीचे 400 कोस की रौंस पर उतरती है।

आगे कमर भर नीचे मोहलातों की रौंस के आगे एक मोहोल और फिर कमरभर नीचे बगीचों की रौंस के आगे एक बगीचा आया है,मध्य में फीलपाये आये हैं,बीच में 1200 कोस में कुण्ड आया है

Nijanand App

कुण्ड यहाँ खुला नहीं है इसके चारों तरफ दो भोम की दीवार उठी है। कुण्ड एक भोम गहरा होने से इसकी तीन भोम की शोभा आई है।





कुण्ड की दूसरी भोम की पूर्वी दीवार में 400 कोस की चौड़ी मेहराब आई है। यहीं से श्री यमुना जी बन कर निकलती है

Nijanand App

मूलकुण्ड के पूर्व में 400 कोस की मेहराब से होती हुई श्री यमुना जी निकलती है और मरोड़ तक आधी ढपी हुई है।

जिसकी छत पर गुम्मट ध्वजा,पताका की सारी शोभा आई है। इसके नीचे पाल पर दो दो थंभों पर मेहराबों की शोभा है।

Nijanand App

रंगमोहोल

Nijanand App

चांदनी चौंक के आगे एक भोम भर ऊंचे चबूतरे पर रंगमहल शोभायमान है।
इसकी ऊंचाई 9 भोम और दसमी चाँदनी है।

इसकी गृद 6000 मन्दिर की और लम्बाई चौड़ाई 2000 मन्दिर की आई है।

Nijanand App

रंगमहल के चारों कोनों में धाम रौंस के साथ लगता हुआ एक 16 हांस का चेहेबच्चा आया है

चेहेबच्चा दो भोम गहरा है

Nijanand App

मुख्यद्वार के साथ 6000 मन्दिरों की पहली हार आई है

फिर एक गली को पार कर 28 थंभ का चौक आया है।

Nijanand App



Nijanand App

28 थंभ के चौंक को पार कर, एक गली को पार कर फिर

प्रथम भोम की पहली चौरस हवेली की देहेलान शुरु हो जाती है।

Nijanand App

ऐसे ही चार चौरस हवेलीयां पार करके फिर पांचवी गोल हवेली मूलमिलावे की आती है



एक हवेली से दूसरी हवेली में जाने के लिए दो थंभों की हार तीन गलियों को पार करना पड़ेगा

Nijanand App

ऐसे ही चार गोल हवेलीयों को पार करेंगे तो पंचमोहोल आते हैं।



एक मोहोल से दूसरे मोहोल मे जाने के लिए भी दो थंभों की हार तीन गलियों को पार करना पड़ेगा।

Nijanand App

पंचमोहोल के आगे फिर बगीचे, नहरें, फुव्वारे शोभा ले रहे हैं।

आगे चार स्तून पानी के आये हैं जिनके बीच नौ चौंक शोभा ले रहे हैं।

Nijanand App

नौ भोम तक सारी शोभा ऐसे ही ऊपरा ऊपर तक गई है।
चार स्तून पानी ऊपर दसमी चांदनी के मध्य में जाकर खुले है।



Nijanand App

पहली चौरस हवेली के पूर्व में 11 मन्दिर की लम्बी और एक मन्दिर की

चौड़ी देहेलान आने से हवेली का द्वार नहीं आया है बाकि तीनों तरफ द्वार आये हैं

Nijanand App

हवेली के दक्षिण के द्वार के आगे के



मन्दिरों की जगह पर भी देहेलान आई है।

हवेली के उत्तर के द्वार के आगे के मन्दिरों

की जगह पर भी देहेलान आई है।

Nijanand App

प्रथम भोम की प्रथम चौरस हवेली की शोभा रसोई और सीढ़ियों के मन्दिर की है

स्याम श्वेत के बीच में, सुन्दर सीढ़ियां शोभित।
बहुत साथ इत आये के, चढ़ उतर करत।।

Nijanand App

यहीं देहेलानों में बैठकर सब सखियां भोजन लेती हैं।

Nijanand App

जब रुह चौथी चौरस हवेली के पश्चिम के दरवाजे से बाहर निकली तो दो थंभो की हारे आई एक सीढी, एक

गोल और तीन गलियों को पार करके पांचवी गोल हवेली मूलमिलावे में पूर्व के दरवाजे से अन्दर गई

Nijanand App

Nijanand App

चबूतरे पर अति सुन्दर गिलम बिछी हुई है, और किनारे

पर 64 थंभ शोभायमान हैं, थंभों के बीच में तकिए लगे हुए हैं।

Nijanand App

64 थंभों के ऊपर बहुत ही सुन्दर चन्द्रवा शोभा दे रहा है

जिसकी नूरी किरणों से सारा मूलमिलावा जगमगा रहा है

Nijanand App

नूरी कंचन सिंघासन चबूतरे के पश्चिम में नीलवी के थंमो के साथ लगता हुआ आया है। सिंघासन में 6 पायों पर 6 डाण्डे है जिसमें 10 रंग जवेरों के झलकते हैं, ऊपर दो छत्री,6 कलश 6 डाण्डों पर

2 कलश ऊपर गुम्मटीयों में, सिंघासन की छत्री के चारों ओर रत्नों की झालर, अन्दर एक गादी दो आसन 5 तकिए हैं जहां नूरी युगलसरुप की बैठक है,ऊपर दो फूल लाल माणिक के भी लटक रहे हैं।

Nijanand App

मूलमिलावा खिलवतखाना

यहीं हम सब रुहें श्री राजस्यामा जी के चरणों में बैठकर खेल देख रही हैं।

Nijanand App

दूसरी भोम के उत्तर में ईशान कोना की तरफ बाहरी हार मन्दिरों के सामने भीतरी तरफ जो 4 चौरस हवेलीयों का पहला

फिरावा आया है उस जगह पर 16 हवेलियों की जगह पर 110 मन्दिर की 110 हारें भूलवनी के मन्दिरों की आई है।

Nijanand App

सारे मन्दिर दर्पण के हैं।



इनके किवाड़, महराबें, दीवारें, छतें ,फर्श सब दर्पण की ही आई

Nijanand App

इन मन्दिरों में खड़े होने से अपने असंख्य प्रतिबिम्ब नजर आते हैं
जिस कारण किसी को ढूंढना कठिन हो जाता है।

श्री राज जी यहीं पर ऐसी लुकाछिपी की लीला करके हम रुहों को आनन्द प्रदान करते हैं।

Nijanand App

भूलवनी के मन्दिरों के मध्य में 10 मन्दिर का लम्बा चौड़ा चौक आया है।



चौक के चारों तरफ रौस है उसके आगे फिर भूलवनी के मन्दिर शुरु हो जाते हैं।

Nijanand App

खड़ोकली इन्हीं मूलवनी के मन्दिरों से उत्तर को रंगमहल के बाहरी मन्दिरों की हार को पार करके बाहिर आये तो ठीक नीचे परमधाम की जमीन से एक

मोम ऊंची धाम रौंस के साथ लगती हुई 30 मन्दिर की लम्बी चौड़ी लाल चबूतरा के पूर्व 40 मन्दिर की दूरी पर ताड़वन की हद में दूसरी मोम के साथ लगती हुई आई है।

Nijanand App

दूसरी भोम के बाहरी मन्दिरों की हार से उत्तर को और खड़ोकली के दक्षिण से दोनों तरफ से

छज्जा निकल कर आपस में मिल जाने से दूसरी भोम से सीधा
सखियां खड़ोकली में झीलना के वास्ते आती हैं। खड़ोकली 3 भोम गहरी आई है।

Nijanand App

तीसरी भोम के 28 थंभ के चौक के पूर्व में जो गली आई है

वहां 4 मन्दिर का एक कमर भर का चबूतरा आया है

Nijanand App

चबूतरे के आगे मन्दिरों की हार में भी चार मन्दिर की लम्बी और एक मन्दिर की चौड़ी देहेलान आई है। जो मुख्य द्वार के ठीक ऊपर आई है।

चबूतरा चार मन्दिर का लम्बा और एक मन्दिर का चौड़ा आया है,जो पहली मन्दिरों की हार की देहेलान के साथ मिल गया है।

Nijanand App

देहेलान के पूर्व में आगे दो मन्दिर का चौड़ा और

दस मन्दिर का लम्बा छज्जा आया है जिसे पड़साल कहते हैं।

Nijanand App

यहाँ श्री राजस्यामा जी सुबह से लेकर शाम के 3 बजे तक
लीला करते है। सुबह आते ही पड़साल पर खड़े होकर सारे

परमधाम को अपनी इश्कभरी नजरों से सीचते हैं। फिर यही
सिनगार,आरोगना, नृत्य और अक्षरब्रह्म को भी यही पर दर्शन देते हैं।

Nijanand App

देहेलान की दक्षिण दिशा में जो पहली मन्दिरों की हार आई है उसका
पहला मन्दिर नीले रंग का है,दूसरा हरे रंग का और तीसरा पीले रंग का है।

देहेलान के दोनों तरफ जो 3–3 मन्दिर आये है वोह कमर भर ऊँचे आये है।

Nijanand App

आसमानी रंग के मन्दिर में श्री श्यामामहारानी सिनगार करती हैं।

जो 28 थंभ के चौक की दक्षिण दिशा का दूसरी मन्दिरों की हार का पहला मन्दिर आया है।

Nijanand App

तीसरी भोम की पड़साल

सब पशु पक्षी नीचे चांदनी चौक में खड़े होकर श्री राजस्यामा जी का दीदार करते हैं।

Nijanand App

रंगमहल की चौथी भोम में 28 थंम के चौक के पूर्व में जो

चौथी चौरस हवेली आयी है वोह निरत की हवेली है।

Nijanand App

इस हवेली के पूर्व में मन्दिरों की जगह पर देहेलान आई है दक्षिण की तरफ माणिक रंग की

दीवार आने से सारे थंभ भी लाल रंग के ही आये हैं ऐसे ही
पश्चिम में सफेद और उत्तर में पीले रंग की शोभा आई है।

Nijanand App

पूर्व की तरफ सिंघासन का मुख नीलवी थंभों के सामने आता है।



जब यहाँ नृत्य होती है तो इसे पूरा परमधाम देखता है।

जहाँ श्री राजस्यामा जी कृष्ण पक्ष में 15 दिन बैठ कर रुहों के साथ नवरंग बाई का नृत्य रात 9 बजे तक देखते है

Nijanand App

36 हवेलियों के 9 फिरावे पार कर नौ चौक आते है। नौ चौक की पूर्वी दीवार एक ही आई है और उसमें 24 दरवाजे आये है।अग्नि से ईशान कोना तरफ जो 12वें दरवाजे से सब अन्दर जाते है।

नौ चौक के मध्य वाले चौक के मध्य में रंगपरवाली मन्दिर है।

Nijanand App

मध्य वाले चौक के बिल्कुल मध्य में 2 मन्दिर का लम्बा चौड़ा शयनकक्ष लाल रंग का आया है



आस पास के मन्दिर सब सखियों के हैं।

Nijanand App

यहाँ श्री राजस्यामा जी शयन करते है। आपन सब सखियाँ आ आ करके श्री राज जी के स्वरुप को हृदय में लेकर सिर झुकाकर चरणो मे प्रणाम करती है और जैसे ही सिर उठाती है



तो हम सब अपने अपने मन्दिर में अपने आपको श्री राज जी के साथ सुख सेज्या पर पाती है पलभर की जुदाई भी श्री राज जी नहीं देते।

Nijanand App

रंगमहल की छठी भोम में पूर्व की जो पहली 6000 मन्दिरों की हार आई है उसके आगे 6000 थंभों की जो हार आई है उसके

बीच की गली को देहेलान करके कहा गया है इसी देहेलान में मन्दिरों की दीवार के साथ लगते हुए 6000 सुखपाल आये हैं।

Nijanand App

रंगमहल की छठी भोम के 28 थंभ के चौंक में तखतरवा शोभायमान है। जब सब सखियों ने



श्री राजस्यामा जी के साथ इकट्ठे ही सैर को जाना होता है तो सब एकसाथ तखतरवा में ही बैठकर जाते हैं।

Nijanand App

जब सखियों को जाना होता है तो एक एक सुखपाल में दो दो सखियाँ बैठकर सैर को जाती हैं

जब सबने इकट्ठे जाना हो तो तखतरवा में सब एकसाथ जाते हैं।
सुखपाल और तखतरवा मनवेगी चाल से उड़ते हैं

Nijanand App

रंगमहल की सातमी भोम में पहली मन्दिरों की हार के साथ जो दो थंभों की हार

आई है उनकी मेहराबों में दायें बायें एक एक हिंडोला लगा है।

Nijanand App

इन हिंडोलों की दो हाथ की ताली पड़ती है अर्थात् आमने सामने हिंडोला झूलते हैं

जब झूलने का समय होता है तो चकरी से जंजीरें यथास्थान तक खुलकर लटक जाती हैं।
तब श्री राजस्यामा जी सहित सब रुहें इन हिंडोलों में झूल कर आनन्द लेती हैं।

Nijanand App

रंगमहल की आठवीं भोम में भी इसी प्रकार थंभों की हार
के साथ हिंडोले आये हैं फर्क सिर्फ इतना है कि जो दो थंभों की

हार में गली में मेहराबें आई हैं उनमें भी हिंडोले आये हैं, इसलिए
यहाँ चार हाथ की ताली पड़ती है अर्थात् चारों तरफ से झूला झूलते हैं।

Nijanand App

रंगमहल की नौवीं भोम में बाहरी हार मन्दिरों की बाहरी दीवार

के साथ एक मन्दिर का चौड़ा छज्जा बाहर को निकला हुआ है। छज्जे के किनारे पर थंभ और कठेड़ा शोभा ले रहा है।

Nijanand App

201 हांसो के 201 छज्जे हुए और हरेक छज्जे पर एक सिँघासन और 6000 कुर्सियाँ आई है जिन

पर जिस दिशा में सब बैठते है तो श्री राज जी उधर की शोभा का ही ब्यान करते है।

Nijanand App

रंगमहल की नौवीं भोम के छज्जे के थंभों के ऊपर दसमी आकाशी में ऐसे ही छज्जा

आया है और भीतरी तरफ मन्दिरों की जगह पर देहेलान आई है। देहेलान की छत पर चार थंभों पर गुम्मट,कलश,ध्वजा पताका सब शोभायमान है और किनारे पर कगूंरे आये हैं

Nijanand App

आकाशी के पूर्व में 10 मन्दिर की लम्बी और 4 मन्दिर की चौड़ी 40 थंभों की देहेलान आयी है।

इसकी सारी एक ही छत 11 भोम की ऊँचाई पर आई है।

Nijanand App

छत पर वैसे ही सारी देहुरियों की जोगवाई आई है और किनार पर कांगरी शोभायमान है।

Nijanand App

देहेलान के आगे सब बाग बगीचों, नहरों, और चेहेबच्चों फव्वारों की शोभा आई है। जो 36 हवेलियों के नव फिरावे आये हैं

उनकी ही छत पर बगीचे आये है जो दो थंमो की हार और तीन गलियां आई थी उनकी छत पर नहरे और रौस आई है और चार हवेलियो के मध्य मे जो चौक आये थे उन की छत पर चेहेबच्चे शोभा ले रहे है।

Nijanand App

नीचे जो मध्य में नौ चौंक आये थे उनकी छत पर एक कमरभर ऊँचा चबूतरा आया है, चार कोनों पर चार चेहेबच्चे आये हैं यह वहीं चार पानी के स्तून हैं

जो नीचे पहली भोम से ही सीधे ऊपर आकर खुले हैं। चबूतरे पर गिलम,सिंघासन, कुर्सियाँ शोभायमान हैं। पूर्णिमा को श्री राजस्यामा जी सब सखियों सहित यहीं पर लीला करते हैं।

Nijanand App

जाग वन

Nijanand App

रंगमहल के पूर्व में सातवन शोभायमान हैं। यह पूर्व से पश्चिम

2000 मन्दिर लम्बे और उत्तर से दक्षिण 500 मन्दिर के चौड़े आये हैं।

Nijanand App

उत्तर से दक्षिण केल, लिबोई, अनार, अमृत, नारंगी, जाम्बू, बट

के वन आये हैं। बट के वन की जगह कुंज निकुंज आये हैं।

Nijanand App

इन वनों की ऊँचाई दो भोम की आई है।

Nijanand App

रंगमहल के सामने 3 वनों की शोभा आई है बीच में अमृतवन उत्तर में अनार और दक्षिण में नारंगी

अमृतवन के पश्चिम में 166 मन्दिर की जगह चांदनीचौक ने ले ली है

Nijanand App

सातों वनों के बीच में दो मन्दिर की रौंस आई है और रौंस के बीच में नहर चल रही है।

बट के वन की जगह कुंज निकुंज आये हैं।

Nijanand App

Nijanand App